हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 6 दिसंबर 2025

04 जनप्रतिनिधियों से सहायक उपकरण पाकर...



07 नाम का नगर है बड़ौदा, सड़कों की हालत गांव...





## खबर संक्षेप

### पार्षद नईम खान के निधन पर नगर निगम में शोकसभा आयोजित हुई

**सागर।** लाजपतपुरा वार्ड के पार्षद नईम खान के असामयिक निधन पर नगर निगम सभाकक्ष में महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं पार्षदों की उपस्थिति में शोकसभा आयोजित की गई जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा ईश्वर से प्रार्थना की गई कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि नईम खान तीन बार पार्षद रहे और उन्होंने अपने कार्यकाल में वार्ड के विकास के लिए निरंतर कार्य किया। वे जनसेवा के प्रति समर्पित, मिलन सार एवं सरल व्यक्तित्व के धनी थे। उनका असमय जाना नगर निगम परिवार के लिए अपूर्णनीय क्षति है। निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने भी दिवंगत पार्षद नईम खान के कार्यों को याद करते हुए कहा कि वे ईमानदार, कर्मठ एवं जनप्रिय जनप्रतिनिधि थे उन्होंने परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य विनोद तिवारी, धर्मेन्द्र खटीक, संगीता शैलेष जैन, पार्षद प्रतिनिधि नरेश यादव, रामू ठेकेदार, कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल, निगम सचिव मुन्नालाल रैकवार, राजेंद्र सेन, यशवंत कोष्टी, शकुंतला गोस्वामी, राजेंद्र सनकत सहित बड़ी संख्या में सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के प्रक्षेत्र का भ्रमण

**सागर।** उपसंचालक कृषि सागर राजेश त्रिपाठी के नेतृत्व में जिले तथा विकासखंड स्तर की टीम का भ्रमण शाहगढ़ विकासखंड के ग्राम गूगराखुर्द, जालमपुर और पापेट में किया गया। जहाँ पर किसानों के द्वारा कृषि विभाग, आत्मा परियोजना एवं मानव सेवा विकास संस्थान के सहयोग से 100 एकड़ से अधिक रकवे में प्राकृतिक खेती की जा रही है। इन कृषकों ने प्राकृतिक खेती में प्रयुक्त होने वाले उत्पाद जैसे जीवमृत, बीजामृत, नीमास्त्र, अग्निआस्त्र, ब्राम्हस्त्र, दशपर्णी अर्क, ट्राइकोडर्मा आदि बनाकर उसका आउटलेट भी लगा रहे हैं जिससे कोई भी किसान जो प्राकृतिक खेती करने के लिए उत्पाद को लेना चाहे वो कम दामों में खरीद सके। भ्रमण के दौरान प्रगतिशील किसान पुरुषोत्तम लोधी, बलराम, अमर सिंह लोधी, सीताराम पटेल आदि किसानों ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से इस क्षेत्र के कई किसान बिना रसायन खाद और दवाइयों के शुद्ध खेती कर रहे हैं।

## सागर संभाग के 65 सदस्य दल कंचन सिंह के नेतृत्व में सम्मिलित हुआ

# सागर संभाग के स्काउट गाइड ने 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी डायमंड जुबली लखनऊ में संभाग का नाम देश भर में किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी डायमंड जुबली 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में लखनऊ में 23 से 29 नवंबर तक आयोजित की गई जिसमें सागर संभाग के 65 सदस्य दल कंचन सिंह के नेतृत्व में सम्मिलित हुआ। जंबूरी के शुभारंभ में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन द्वारा एवं समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया गया। तीसरी दिवस में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश आदित्यनाथ योगी द्वारा स्काउट गाइड के समक्ष आकर बच्चों को शुभाशीष दिया।

सागर जिले से उत्कर्ष पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की गाइड सिमरन रैकवार द्वारा सागर संस्कृति को प्रदर्शित कर अव्वल रही। अरीबा बी, वेदिका प्रजापति ,सानिया रैकवार द्वारा लाइव इंटरव्यू साझा किया इस हेतु प्राचार्य आरके सोनी द्वारा शुभकामनाएं दी गई । दमोह जिले के शासकीय उत्कृष्ट मा वि दमोह उत्कृष्ट जबेरा, नव जागृति हायर सेकेंडरी स्कूल से राजकुमार नायक एवं शासकीय उमा वि मडिया दो हटा से निधि नायक के मार्गदर्शन में प्रतिभागिता कराई गई। दमोह की गाइड्स ग्रामीण अंचल से होने के बावजूद भी नायक के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन किया । जिसमें स्काउट ओम कुररिया द्वारा कबाड़ से जुगाड़ में उपयोगी वस्तु बनाकरएवं रीसायकल का संदेश दिया गयाइस हेतु प्रशस्ति पत्र एवं 5000 नगद इनाम से प्रस्तुत किया गयाऔर मार्च पास्ट में कमांडर की भूमिका एवं सभी स्काउट गाइड द्वाराएडवेंचर अन्य गतिविधियों में प्रदर्शन किया गया। छतरपुर जिले से शासकीय उत्कृष्ट उ.मा .वि क्रमांक 1, शासकीय उ.मा.वि. बसारी मातगुवा एवं महारानी लक्ष्मीबाई कन्या छतरपुर से प्रतिभागिता रही। छतरपुर के स्काउट द्वारा संभाग से कलर पार्टी हेतु धर्मेंद्र सिंह वर्मा के नेतृत्व में शानदार सहभागिता की गई। पन्ना जिले से शासकीय उमा भी बराछ,





शासकीय उत्कृष्ट उमावि अजयगढ़, शासकीय कन्या उमा वि अजयगढ़ एवं शासकीय कन्या उमावि पवई द्वारा स्काउट गाइड द्वारा पूरे जोश के साथ सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसका श्रेय श्री संतोष कुमार ओमरे एवं श्रीमती क्रांति गुप्ता को जाता है।

टीकमगढ़ जिले से शासकीय उमा वि क्रमांक 2 ,शासकीय उत्कृष्ट उमावि पलेरा व जतारा, शासकीय बालक उमावि लिधौरा शासकीय कन्या उमावि टीकमगढ़, शासकीय बालक उमावि खरगपुर, शासकीय कन्या उ मा वि बल्देवगढ़ विद्यालयों से श्री शेख शाहिद एवं श्रीमती आरती चौधरी के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन किया गया। श्री मुंशीलाल अहिरवार डी.ओ.सी. टीकमगढ़ द्वारा राज्य मुख्यालय के आदेश अनुसार जंबूरी हेतु एडवांस पार्टी का कार्य संभाला गया।

जंबूरी में विभिन्न विषयों जैसे फूड प्लाजा हस्तकला मार्च फास्ट फैशन शो रंगोली झांकी प्रदर्शनी दक्षता भेज एवं एमपी दिवस में सागर संभाग के स्काउट गाइड द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। जंबूरी में सागर संभाग से राष्ट्रीय सहयोगी स्टाफ सुश्री ज्योति यादव आरती पाठक, लखनलाल अहीरवार,चंद्रभान लोधी एवं रेंजर कुमारी निर्जला प्रजापति शिवानी पटेल भाग्यश्री सहयोगी रही। मध्य प्रदेश को सुश्री ज्योति यादव रेंजर लीडर ट्रेनर का विशेष सहयोग प्रदान हुआ। साथ ही राज्य मुख्यालय भोपाल द्वारा सागर संभाग को पांच संभाग के गाइड्स का मेस संचालन का दायित्व दिया गया था।

भारत स्काउट एवं गाइड की 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी आयोजित की गई । सागर संभाग की प्रतिभागिता में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग सागर श्री एस पी बिसेन एवं समस्त सहायक संचालक व समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त प्राचार्य एवं समस्त जिले के स्काउट गाइड पदाधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गई।

## विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस पर केवीके सागर का जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**सागर।** विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, सागर द्वारा प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. एस. यादव के मार्गदर्शन में ग्राम टेण्ड्सुआ में मृदा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 70 से अधिक किसानों ने भाग लेकर मृदा संरक्षण, संतुलित पोषण और प्राकृतिक खेती संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मृदा की उर्वरता और जैविक सक्रियता तेजी से प्रभावित हो रही है। उन्होंने जैविक और प्राकृतिक खेती को स्वस्थ मृदा एवं सुरक्षित पर्यावरण का आधार बताते हुए इसके वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी प्रदान की। तकनीकी अधिकारी मयंक मेहरा ने बताया कि सागर जिले की लगभग 38–40% मृदाओं में जिंक, बोरोन तथा गंधक जैसे सूक्ष्म एवं द्वितीयक पोषक तत्वों की कमी पाई गई है, जिससे उत्पादकता प्रभावित होती है। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उर्वरकों का संतुलित उपयोग, जैव उर्वरकों को अपनाने तथा फसल चक्र का पालन करने पर बल दिया। वैज्ञानिकों ने किसानों को प्रोत्साहित किया कि वे ऊँची एवं पानी निकास वाली भूमि में कम-से-कम एक एकड़ क्षेत्र में जैविक या प्राकृतिक खेती अपनाएँ। कार्यक्रम में बीजामृत, जीवामृत, ब्रह्मास्त्र और अग्नि अस्त्र जैसे जैविक घोलों की तैयारी और उपयोग की विधि का प्रदर्शन भी किया गया। वर्तमान में ग्राम के लगभग 15 किसान वर्मी कम्पोस्ट एवं केंचुआ खाद तैयार कर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। किसानों को रोग नियंत्रण के सरल उपाय भी बताए गए। वैज्ञानिकों ने बताया कि दो लीटर छाछ को 15 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने से कई फफूंदजनित रोगों में प्रभावी नियंत्रण मिलता है। जिससे छोटे किसानों को कम लागत में अधिक लाभ होगा।



## गजरथ फेरी के साथ पंचकल्याणक का समापन

**सागर।** अतिशय तीर्थ क्षेत्र श्री मंगलगिरी में पट्टाचार्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महराज ससंघ के मंगल सानिध्य में आयोजित पंचकल्याणक महामहोत्सव का शुक्रवार को सप्तगजरथ फेरी के साथ समापन हुआ। महामहोत्सव के समापन अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, विधायक प्रतिनिधि आशुतोष बजाज, विक्रम सोनी, अंशुल परिहार, नितिन सोनी, जय सोनी ने पट्टाचार्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महराज ससंघ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं गजरथ फेरी में सहभागी बने।



## निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार ने किया बसस्टैंड स्थित रैनबसेरा का निरीक्षण

**सागर।** नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार ने एन.यू.एल.एम.शाखा के सिटी मिशन मैनेजर विक्रम जैन एवं जलप्रदाय शाखा के अधिकारियों के साथ बसस्टेण्ड स्थित रैनबसेरा का निरीक्षण किया तथा वहॉ किये जा रहे पुताई एवं जलप्रदाय व्यवस्था, ठंड में बचाव हेतु नागरिकों को पर्याप्त रजाई, गद्दा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान निगमाध्यक्ष ने कहा कि एन.यू.एल.एम.की टीम सभी सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे ठंड में न सोये, अगर ऐसे व्यक्ति पाये जाये तो उन्हें रैनबसेरा में लाकर ठहराये। निरीक्षण के दौरान एम.आई.सी.सदस्य धर्मेन्द्र खटीक, सिटी मिशन मैनेजर विक्रम जैन, मनोज चौबे, आशुतोष सोलंकी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## वात्सल्य स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

वात्सल्य स्कूल में प्राइमरी वर्ग का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम और उत्साह पूर्वक मनाया गया । वात्सल्य परिसर रंगीन सजावट से जगमगाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनीषा जाट सीईओ छावनी परिषद द्वारा मां सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन द्वारा हुआ । स्कूल की प्राचार्य अलका श्रीवास्तव डायरेक्टर सुधांशु श्रीवास्तव, शाला प्रबंधन करणबहादुर श्रीवास्तव, साक्षी श्रीवास्तव, उप प्राचार्य ममतेश शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया। मुख्य अतिथि सीईओ मनीषा जाट ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सृजनात्मक को बढ़ाते हैं 1 उन्होंने कहा शाला का प्रयास सराहनीय है। शाला के प्रबंधक करण बहादुर श्रीवास्तव ने विद्यालय की उपलब्धियां को उजागर किया और सामूहिक कार्यों



की सराहना की। प्राचार्य अलका श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों में शैक्षणिक उत्कृष्ट के साथ-साथ उनका सर्वांगीण विकास करना है। विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस कुलविंदर भाटिया द्वारा सालाना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई 1 बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुत दी, जिसमें बच्चों ने पंजाब, महाराष्ट्र आदि के लोक नृत्य से लेकर भक्ति एवं देशभक्ति के रंगों से समा बांधा। सामूहिक रूप से बच्चों ने स्कूल गीत भी प्रस्तुत किया। सुंदर श्रृंखला ने दर्शकों का मन मोह लिया और नन्हे मुन्ने बच्चों के मनमोहक नृत्य ऊर्जा से भरपूर समूह नृत्य भावपूर्ण नाटक का परिसर में उपस्थित सभी दर्शकों ने भरपूर उत्साह वर्धन आनंद लिया। शाला हेडमिस्ट्रेस कुलविंदर भाटिया ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त दर्शकों एवं समस्त अभिभावकों का आभार व्यक्त किया । पूरा विद्यालय परिसर उत्साह, आनंद और उपलब्धि की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिया ।

## गोपालगंज व वृंदावन वार्ड में आपकी महापौर आपके द्वार जनचौपाल संपन्न

# शासन की योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राही शिविर में उपस्थित होकर उठाएं लाभः महापौर संगीता तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम सागर द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को गोपालगंज एवं वृंदावन वार्ड में "आपकी महापौर आपके द्वार" जनचौपाल एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर सर्वे) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महापौर संगीता सुशील तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी, पार्षद रुपेश यादव, संगीता शैलेष जैन, कंचन सोमेश जड़िया उपस्थित थे।

इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल आयोजित करने का उद्देश्य यह है कि कोई भी पात्र नागरिक शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रह





जाए तथा नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं समय पर प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि अब अधिकारी स्वयं जनता के बीच पहुंचकर समस्याएं सुनते हुए त्वरित निराकरण सुनिश्चित कर रहे हैं, जिससे नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण हेतु परेशान न होना पड़े।

महापौर ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर सर्वे की अंतिम तिथि 11 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे समय रहते अपने एसआईआर फार्म भरकर अनिवार्य रूप से जमा करें तथा सही जानकारी दर्ज कराएं, जिससे मतदाता सूची शुद्ध एवं पारदर्शी तैयार की जा सके।

शिविर के दौरान महापौर ने श्रीराम नगर में बनाई जा रही सीसी रोड का निरीक्षण किया। गोपालगंज एवं वृंदावन वार्ड के नागरिकों द्वारा जल आपूर्ति, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, कचरा संग्रहण, सड़क मरम्मत, पेंशन, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, संपत्तिकर, नामांतरण प्रकरण सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए । महापौर द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश मौके पर ही दिए गए।

आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल कार्यक्रम की नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है । शिविर में उपस्थित वार्ड के नागरिकों ने कहा कि महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा बहुत ही अच्छा कार्य किया जा रहा है एक ही स्थान पर नागरिकों की सभी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है साथ ही समग्र आई डी, पेंशन योजनाओं के कार्यों के लिए परेशान होना पड़ता था, शिविर में सभी कार्य सुगमता से हो रहे हैं इसके लिए महापौर एवं उनकी टीम को धन्यवाद देते हैं।

हरिभूमि





## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२*, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### मंदिर से भगवान का छत्र चोरी

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधी नगर नई बस्ती निवासी रमाकान्त गोस्वामी पुत्र अशोक कुमार गोस्वामी ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि विगत कई वर्षों से वह रेलवे स्टेशन के सामने बने जूना अखाड़ा हनुमान मंदिर से आरती पूजा करते हैं। प्रतिदिन की भांति वह 2 दिसंबर की रात करीब 10 बजे मंदिर का ताला बंद करके अपने घर चला गया। अगले दिन सुबह 8 बजे जब वह मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मंदिर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, जब उसने अंदर जाकर देखा तो हनुमान जी महाराज का चांदी का छत्र व मुकुट 2/3 दिसम्बर को रात में किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है।

### मनचले ने घर में घुसकर की छेड़छाड़

**ललितपुर।** आरोप है कि पहली दिसम्बर को रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने घर पर था, तभी मोहल्ला मऊठाना निवासी शिवम सोनी पुत्र राधेश्याम सोनी अपने एक अन्य साथी के साथ आया और उसकी 21 वर्षीय पुत्री को गालियां देने लगा। आरोप है कि पुत्री से अश्लीलता करने लगा। जब उसने दरवाजा खोला तो शिवम सोनी घर में जबरन घुस आया और पुत्री से छेड़छाड़ करने लगा। मना करने पर गालियां देते हुये पुत्री को जबरन पकड़कर उठाकर ले जाने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अनाज बेचकर जा रहे किसान पर हमला

**ललितपुर।** कल्यानपुरा निवासी नरेंद्र परिहार पुत्र हन्नाम परिहार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 1 दिसम्बर को शाम करीब 7 बजे वह गल्ला मंडी से अनाज बेचकर जा रहा था। तभी गांव के नीलू विश्वकर्मा पुत्र रामनारायण अपने 3-4 अज्ञात साथियों के साथ आया और उसे गालियां देने लगा। मना करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुये सिर में डंडा दे मारा, जिससे वह लहूलुहान हो गया। आरोप है कि नीलू काफी आपराधिक किस्म का व्यक्ति है और उसे जान का खतरा बना हुआ है। मामले में पुलिस ने नीलू विश्वकर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खेत पर बनी टपरिया क्षतिग्रस्त की

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम उत्तमधाना निवासी कल्यान पुत्र द्वारका प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 2 दिसम्बर को अपने रिश्तेदार के यहां शादी में आया हुआ। इसी का फायदा उठाते हुये जगदीश पुत्र चन्दन पटेल व नीरज पुत्र जगदीश ने उसके खेत में बनी टपरिया को क्षतिग्रस्त कर दिया। अगले दिन जब वह घर लौटा व खेत पर जाकर उलाहना दिया तो उक्त लोगों ने गालियां दी और मारपीट कर दी। बचाव करने आये उसके पुत्र गौरव के साथ भी मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पीड़िता ने बताया कि वह पूर्व से पैरालायसिस है और दूसरा पैर से दिव्यांग है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम नयागांव निवासी 52 वर्षीय मंजू पत्नी मन्से रजक ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. एक्ट के समक्ष दावा प्रस्तुत किया है। बताया कि बीती 4 अक्टूबर को सुबह 8 बजे उसका नाती अंशु कन्या भोज के लिए माता मंदिर जा रहा था। रास्ते में उसके नाति के आशिव से छू जाने के कारण आशिव पुत्र इस्राइल खां ने उसके नाती से मारपीट कर दी, जिससे वह रोता हुआ घर आ रहा था, तभी आशिव पे पीछे से आकर घर के सामने जब उससे कहा कि क्यों मारापीटा तो इस पर उसने गालियां देते हुये ईंट मारना शुरू कर दिया। बचाव करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत उसी दिन जाखलौन थाने में की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुयी। 8 अक्टूबर को एसपी के समक्ष की, जिस पर अगले दिन 9 अक्टूबर को उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया।

---

### वक्ताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया सम्मानित

# जनप्रतिनिधियों से सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जनपद में विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में विकास भवन परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगों के पुनर्वासन से संबंधित सामाजिक, शैक्षणिक, विधिक व चिकित्सीय आदि विषयों पर जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने-अपने विचार प्रकट किये गए। राज्यमंत्री ने अपने संबोधन ने कहा कि आज विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर इस विराट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिससे जनपद के दिव्यांगों को सहायक उपकरण उपलब्ध हो सकें। इस शिविर के माध्यम से जनपद के अनेक दिव्यांगजनों को लाभ मिलेगा। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए विश्व दिव्यांगता दिवस की बधाई दी।

#### मंदबुद्धि दिव्यांगजनों के लिए अभिभावक नामित किए जाएं

सदर विधायक ने कहा कि जनपद के दिव्यांगजनों के लिए समय-समय पर विभाग द्वारा इस प्रकार के सहायक उपकरण वितरण कैम्पों का कराया जाता रहा है। आज विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सभी दिव्यगजनों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा मंदबुद्धि दिव्यांगजनों के लिए अभिभावक नामित किये जाने का कार्य किया जाए और इसकी जानकारी के लिए प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे ऐसे दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाएं व आर्थिक निर्णय लेने में कोई समस्या उत्पन्न न हो। कार्यक्रम का शुभारंभ व दीप प्रज्वलन के उपरांत राष्ट्रगान एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए किया गया। वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। माननीयों द्वारा वक्ताओं को स्मृति चिन्ह व दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शुभांशु सोनकर द्वारा अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। विख्याताओं के रूप में डा शकुन्तला मिश्रा पुनर्वासन विश्वविद्यालय से प्रो डा सीताराम पाल, डा सुधा राव व डा महेश चौधरी एवं यूनाइटेड नेशन में दिव्यांगजनों की ओर से भारत का पक्ष रखने वाले एडवोकेट मनोज कुमार पांडेय, क्योर इंडिया फाउंडेशन की प्रतिनिधि वुसी वर्गास एवं एवोल्यूशन फार हेल्थ केयर इंडिया के प्रतिनिधि दिलीप साहू उपस्थित रहें।

---

## अभिनंदनोदय तीर्थ में कार्यक्रम

# अनंतकालीन भक्ताम्मर विधान की 14वीं वर्षगांठ मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर के सिविल लाइन स्थित अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्रपाल मंदिर में निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से अनन्तकालीन भक्ताम्मर पाठ की 14 वी वर्षगांठ प्रभावना पूर्वक पूजन विधान के साथ सम्पन्न हुई जिसमें पुण्यार्जक परिवार भक्तिपूर्वक सम्मलित हुए।

प्रातःकाल भगवान अभिनंदनाथ की मूर्ति पर अभिषेक शान्तिधारा के उपरान्त भक्ताम्मर विधान का शुभारम्भ हुआ जिसको विधानाचार्य आनंद जैन पंचमनगर, नरेन्द्र जैन राजश्री एवं नीरज जैन बंटी कचरोदा ने विधिविधान पूर्वक सम्पन्न कराया। जिसका पुण्यार्जन विधानकर्ता अनिल जैन अंचल, अरविन्द जैन, विमलेश जैन लागौन, राजमति जैन, महेन्द्र जैन पंचमनगर, सिंघई देवेन्द्र जैन श्रीश जेन, निर्मल कुमार एड कुम्हेंडी, सुधाकलश भक्ताम्मर महिला मण्डल, ब्रहमचारिणी सविता जैन, अंकुर जैन मोहन मावा, ज्योति जैन नजा आनंद जैन कुडावनी परिवार को मिला। गौरतलब रहे कि अनंतकालीन भक्ताम्मर पाठ मुनि सुधासागर महाराज के आर्शीवाद से ललितपुर जैन समाज को मिला जो अनवरत रूप से संचालित हुए 14 वर्ष पूर्ण हुए। जिसमें पुण्यार्जक परिवार भक्ताम्मर विधान एवं सायंकालीन आरती के साथ साथ अखण्ड भक्ताम्मर पाठ में सम्मलित होकर असीम पुण्य और आत्मिक शान्ति की अनुभूति करता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जैन पंचायत अध्यक्ष डा अक्षय टया, महामंत्री आकाश जैन, सनत खजुरिया, शीलचंद अनौरा, प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक जैन दैलवारा, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, जिनेन्द्र जैन डिस्को, प्रभात सराफ, राजेन्द्रजैन थनवारा, अखिलेश गदयाना, अक्षय अलया, सनत मलैया, मनोज जैन बबीना, शिक्षक पुषेन्द्र जैन आदि मौजूद रहे।

---

## हिंदुत्व को जोड़ने की भावना

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का घर-घर संपर्क अभियान, भारत मां का चित्र व पत्रक दिया

**ललितपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष के रूप में घर-घर जाकर गृह संपर्क अभियान किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक हिंदू घरों पर संपर्क करके उन्हें हिंदुत्व की भावना को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है वहीं भारत मां का चित्र व पत्रक देकर लोगों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तालाबपुरा द्वारा शिवाजी बस्ती के स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर जनसपंर्क किया वहीं लोगो को जानकारी दी गई की वह विरोधी मानसिकताओं को छोड़कर भारत माता व देश भक्ति की भावनाओं को जागृत किया जाए व पंच परिवर्तन के बारे में बताया गया स्वयंसेवक



नियमित रूप से समाज परिवर्तन और समस्याओं का समाधान करने के लिये सतत सक्रिय रहते हैं, लेकिन शताब्दी वर्ष के पश्चात पाँच विषयों पर सज्जन शक्ति के सहयोग से जन-जागरण के लिए विशेष प्रयत्न करेंगे। जिन्हें पंच परिवर्तन कहा गया है। इस मौके पर छककीलाल साहू, भरत पुरोहित, आशीष तिवारी, रामकुमार नामदेव, हर्ष नामदेव, विक्रम सेन, रामसेवक पाठक, पुरुषोत्तम नारयण चौबे, नीरज जैन, चन्द्रमा सिंह, रमेश सिंह विकास गुप्ता ऋषि साहू हरनाम सिंह पीतम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

---

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने एसआईआर मॉनिटरिंग सेल के साथ बैठक की

# एसआईआर के आगामी कार्यक्रम पर चर्चा कर सुझाव दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पं हरिश्चंद्र रावत द्वारा पार्टी के एसआईआर मॉनिटरिंग सेल के साथ एक बैठक में भाग लिया । इस मौके पर उन्होंने एसआईआर के अंतर्गत आगामी कार्यक्रम के बारे में चर्चा कर सुझाव दिए।

जिला अध्यक्ष ने सभी को अवगत कराया कि बी एल ए 2 और बूथ अध्यक्षों को भी अवगत कराएं कि जिन्हें नए मतदाता बनना है और उनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। उन सभी लोगों से फॉर्म 6 भरने का काम करना है और सभी से आग्रह करें कि यह फार्म जरूर भरें। उन्होंने कहा कि जिला संयोजक सभी मण्डल अध्यक्षों को अवगत कराएं कि जिन मतदाताओं को संशोधन कराना है वो फार्म 8 भरें। इस



अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड,पूर्व जिलाध्यक्ष प प्रदीप चौबे, जिला संयोजन एस आई आर अभियान बीजेपी हरिराम निरंजन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुंदेला, बंशीधर श्रीवास, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पाठक , जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु,जिला महामंत्री महिला मोर्चा रुचिका बुंदेला, जिला मंत्री रजनी अहिरवार, दीपक पाराशर, मनविंदर कौर, ध्रुव राजा, सुनीता पंथ, आदि उपस्थित रहे।

---

# अंबेडकर के 70वें परीनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अंबेडकर महासभा की ओर से एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 70वें परी निर्वाण दिवस पर अंबेडकर पार्क जेल चौराहा पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 6 दिसंबर को सुबह 10 बजे संपन्न होगा ।

समिति के अध्यक्ष दीपक नंदलाल गौतम ने बताया की मुख्य अतिथि इंजीनियर अजय कुमार अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड प्रथम ललितपुर इंजीनियर भागीरथ बरुआ अधिशासी अभियंता सेवा निर्मित सिंचाई विभाग ललितपुर इंजीनियर सतीश चंद्र गौरव सहायक अभियंता सिंचाई विभाग लखनऊ जसराथ प्रसाद गुड़ा बुजुर्ग प्रधान लिपिक सेवा



अंबेडकर महासभा की बैठक हुई

निर्मित,एसपी ऑफिस ललितपुर होगें बैठक की अध्यक्षता कर रहे इंजीनियर संतोष अहिरवार सभी लोगों से अपील की श्रद्धांजलि सभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की कृपा करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं उक्त बैठक में अंबेडकर महासभा के जिला अध्यक्ष दीपक नंदलाल गौतम डॉक्टर खेमचंद वर्मा मनीष पटवारी लाल पैथ संगीता गौतम रविंद्र अहिरवार राम प्रकाश भारती घासीराम सुखाड़ी नवल घावरी जहीर ललितपुरी सत्येंद्र विश्वकर्मा गब्बर अहिरवार चंदन सिंह अहिरवार हरिशंकर उर्फ बंटी ओमप्रकाश अहिरवार फूलचंद अहिरवार एडवोकेट अर्जुन सिंह बेसरा शब्बीर मंसूरी किसान नेता नूर मोहम्मद मंसूरी मलखान सिंह यादव रज्जू लाल दाऊ हरिशंकर एडवोकेट हरगोविंद अहिरवार बलराम समाजसेवी डॉ रामू कांत वर्मा राजेंद्र अहिरवार नेहरू नगर मनीष अहिरवार अरविंद अहिरवार सुनील कुमार सूर्या राजू अहिरवार एडवोकेट रानू कुमार गौतम जानकी अहिरवार पार्षद वार्ड नंबर 5 रामस्वरूप नामदेव एंड राकेश सूर्यवंशी संदीप धौलपुरिया निलेश अहिरवार संजू अहिरवार नवाजी मंसूरी राहुल अहिरवार बृजेशअहिरवार भारत लाल एडवोकेट हेमराज गौतम केहर अहिरवार संजय अहिरवार विक्रम अहिरवार गौरव अहिरवार परशु अहिरवार अमित अहिरवार सचिन अहिरवार नंदू आदि जन बैठक में मौजूद रहे।

---

## 7 दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया था

# ग्राम दैलवारा में भंडारा कर किया गया शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दैलवारा में 7 दिवसीय यज्ञ का भंडारा के साथ समापन हुआ शिवपुराण कथा में सुश्री जयेश्वरी देवी ने शिव पुराण का वर्णन करते हुए कहा कि सती चरित्र करते हुए कहा कि राजा दक्ष ने भगवान शंकर को निमंत्रण नहीं दिया इससे सती पति का अपमान नहीं सहन हुआ और राजा दक्ष के यज्ञ में पहुंच कर पिता से पूछा कि भगवान शंकर को निमंत्रण न देने कारण पूछा दक्ष ने पति शंकर के प्रति अशब्द नहीं सुन सकी और अपने को भस्म कर लिया शंकर गणों में ने महायज्ञ भस्म कर दिया था सुश्री जयेश्वरी देवी ने कहा कि धर्म ही साथ जायेगा सभी भक्तों को जप तप करना चाहिए। कथा के साथ पंचकुंडीय महायज्ञ मे त्वत्वश्री नर्मदानंद गिरी महाराज यज्ञ करता, रामानंद ऋषभगिरी नगा बाबा, गौरी शंकर गिरी महाराज नागा बाबा, परमानंद महाराज महंत, मुक्ति आनंद महाराज, सुरेंद्र नंद गिरी महाराज, महाकाल महाराज, बालकानंद महाराज यज्ञ आचार्य राजेश दुबे महाराज जबलपुर राजेश मालवीय मंचू महाराज दैलवारा आदि संतों ने बड़े ही नियम पूर्वक विधि विधान करके यज्ञ को संपन्न कराया जिसमें मुख्य यजमान भीष्मप्रतापसिंह बुंदेला गौलूराजा, केयर सिंह मंडेला पवन प्रताप सिंह बुंदेला रामपाल सिंह बुंदेला त्रिभुवन सिंह बुंदेला यशपाल सिंह बुंदेला रामसेवक पाल प्रदीप रिछारिया, आलोक चतुर्वेदी, शीशपाल सिंह परमार,मिंटू शर्मा, रामसेवक पाल, गोबरधन पाल, देशराज पाल, सोनू राजा, रामपाल सिंह, रामदयाल कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा,मदन आदि यज्ञ कर रहे हैं यग्याचार्य राजेश दुबे के आचार्य पंडित अमन द्विवेदी,राजेश मालवीय, पंडित सरदनारायण शास्त्री, पंडित अमन दुबे, पंडित ओम दुबे, पंडित केशव दुबे समेत कई श्रद्धालु उपस्थित रहे बड़ी धूमधाम से 8 दिन यज्ञ व अभिषेक करते र। दैलवारा में बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने भाग लिया धर्म की गंगा बही।

---

## बीईओ को दिया ज्ञापन

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने चयन वेतनमान मांगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ महरौनी

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा महरौनी के तत्वावधान में ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जैन की अगुवाई में ब्लॉक संसाधन केंद्र महरौनी पर शिक्षकों का चयन वेतनमान लगवाने के संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी महरौनी राजकुमार पुरोहित को ज्ञापन सौंपा, जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी महरौनी राजकुमार पुरोहित द्वारा तत्काल शिक्षकों का समय रहते चयन वेतनमान लगवाने को आश्वत किया। और कहा कि समय से सभी शिक्षकों का चयन वेतनमान लगवाने की प्रक्रिया शासन स्तर पर गतिमान है। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा महरौनी के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जैन, महामंत्री संजीव पटेरिया,एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्य संतोष गुप्ता मौजूद रहे।


---

## जिलाधिकारी ने हासिल की 94.61 प्रतिशत प्रगति

# 1063 में से 632 बूथों पर एसआईआर कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण

**डीएम ने बूथों पर जाकर बीएलओ को प्रोत्साहित किया और पूरी निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। एक से दो दिन में फीडिंग की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी, इसके उपरान्त दूसरे चरण का कार्य शुरू होगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में जनपद में निर्वाचक नामावलियों के एसआईआर 0अभियान ने गुरुवार को दोपहर 2 बजे तक 94.61 प्रतिशत प्रगति हासिल कर ली है, जिसमें ईएफ डिजिटाइजेशन के 87.09 एवं एएसडी (अनट्रेसेवल, परमानेंट शिफ्टिड, ऑलरेडी एन्रोल्ड व अन्य) के 7.52 प्रतिशत मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा जनपद के कुल 1063 बूथों में से 632 बूथों पर एसआईआर का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इस सम्बंध में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में एसआईआर का प्रथम चरण समाप्ति की ओर है, जिसके अंतर्गत हमने 94.61 प्रतिशत प्रगति हासिल कर ली है, एक से दो दिन में फीडिंग की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी, इसके उपरान्त दूसरे चरण का कार्य शुरु होगा। जिलाधिकारी ने अभियान को और गति देने व बीएलओ को प्रोत्साहित करने के लिए गुरुवार को नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की। यहां पर बूथ सं0-387, 388 व 389 की बीएलओ कार्य करती हुई पायी गईं, जिलाधिकारी के पूछने पर बताया गया कि बूथ सं0-387 पर 1141 के सापेक्ष 850 फार्म, बूथ सं0-388 पर 1194 के सापेक्ष 992 फार्म व बूथ सं0-389 पर 1249 के सापेक्ष शत-प्रतिशत फार्म फीड करा दिये गए हैं। अवशेष फार्म भी जल्द फीड हो जायेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पूरी निष्ठा से कार्य करते रहिए, एक से दो दिनों में हम शत-प्रतिशत उपलब्धी हासिल कर लेंगे।

#### प्राचीन बावड़ी को जिलाधिकारी ने देखा

*विद्यालय में ही स्थित प्राचीन बावड़ी को जिलाधिकारी ने देखा, मौके पर बावड़ी से पेयजल की आपूर्ति हेतु पाइपलाइन डाले जाने का कार्य प्रगति पर था, अधिशासी अधिकारी नपा ने बताया कि पूर्व में इस बावड़ी का जीर्णोद्धार कार्य कराया गया है, ताकि प्राचीन जलस्रोतों से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके, यहां का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने विद्यालया के जीर्णशीर्ण कक्षों को देखकर प्रधानाचार्या से उनके जीर्णोद्धार की जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि कक्षों के जीर्णोद्धार के लिए शासन को पत्र भेजा गया है, धनराशि उपलब्ध होते ही कार्य कराया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, मिशन मैनेजर, प्रधानाचार्या सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।*

### आत्महत्या करने की धमकी के बाद घटाया बिल, 4 अधिकारी और 1 लाइनमैन पर कार्रवाई

# सरकार ने माना श्योपुर में बरती गई थी किसान को बिल देने में लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रायपुरा के जिस किसान मांगी लाल पुत्र प्रहलाद सेन ने कृषि पंप बिजली बिल सुधरवाने के लिए आत्महत्या की धमकी वाला वीडियो वायरल किया था। अब विधानसभा में भी सरकार ने उस बिल को मनमाना और प्रताड़ित करने वाला स्वीकार लिया है।

विधानसभा में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने इस मामले में विधायक बाबू जंडेल द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए स्वीकारा कि किसान को 10 एचपी पावर का कनेक्शन दिया गया था लेकिन उसे लगातार पांच बार भार वृद्धि करते हुए बिल थमाया गया था। जिसकी जांच करने पर बिल को 22 एचपी से 11 एचपी का मानकर संशोधित बिल देकर जमा कराया गया है। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले चार सहायक प्रबंधकों तथा 1 लाइन मैनो पर भी कार्रवाई की है।

ज्ञात हो कि हरिभूमि ने 4 नवंबर के अंक में बिजली कंपनी पर तानाशाही का आरोप लगाकर किसान ने दी आत्महत्या की चेतावनी नामक शीर्षक से समाचार प्राथमिकता के साथ प्रकाशित किया था जिसके बाद बिजली कंपनी ने किसान मांगी लाल सेन का बिल 22 एचपी को सुधार कर 11 एचपी किया गया था। साथ ही कलेक्टर अर्पित वर्मा ने किसान को समाधान योजना का लाभ देने के निर्देश भी दिए थे।

मप्र की विधानसभा में श्योपुर विधायक बाबू जंडेल ने इस मामले को उठाते हुए सवाल पूछा कि श्योपुर विधानसभा में कृषि पम्पों के विद्युत कनेक्शन कितने हार्स पावर के है? कृषकवार संख्यात्मक जानकारी उपलब्ध मांगते हुए, कृषकों के विद्युत पम्पों में मनमाने तरीके से क्षमता वृद्धि किसके इशारे पर की जाती है पूछा था। इस संबंध में उन्होंने किसान मांगीलाल सेन सेन का उदाहरण दिया था जिसका विद्युत कनेक्शन 8 एचपी होने के उपरांत मनमाने तरीके से 22 एचपी का बिल थमा दिया गया है? ओर बाद में किसान द्वारा आत्महत्या की धमकी के बाद बिल संशोधन कर 11 एचपी का कर दिया था। इस मामले में ऊर्जा मंत्री तोमर ने कृषकों को मनमाने तरीके से भार संधारण कर मनमाने बिल थमाने के आरोप को नकार दिया लेकिन रायपुरा निवासी मांगीलाल सेन का बिल में कृषि पंप की भार वृद्धि पांच बार लगातार बढ़ाकर देने की बात स्वीकारते हुए इस मामले में चार सहायक प्रबंधकों तथा 01 लाइनमेन पर कार्रवाई करने की बात बताई।







### कलेक्टर के निर्देश पर जांच, अधिकारियों पर हुई कार्रवाई

जिस बिल को संशोधित करने के लिए किसान ने आत्महत्या की धमकी वाला वीडियो वायरल किया था और जनसुनवाई में आवेदन भी दिया था तत्समय हरिभूमि ने समाचार भी प्रकाशित हुआ था इसे संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए थे जिसके चलते दूसरे फीडर क्षेत्र के अधिकारियों से जांच करवाई गई जिसमें 22 एचपी बताया गया पंप कनेक्शन 11 एचपी का निकला। इस मामले में श्योपुर ग्रामीण वितरण केन्द्र पर पदस्थ रहे संबंधित 04 सहायक प्रबंधकों के विरुद्ध पत्र क्रमांक 439-40, 441-42, 443-444 एवं 445-446 दिनांक 24.11.2025 मे एवं 01 लाइन कर्मचारी को पत्र क्रमांक 447-48 दिनांक 24.11.2025 मे उपमहाप्रबंधक (संचा. संधा.), संभाग दक्षिण श्योपुर द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये हैं। दिनांक 04.11.2025 को पम्प कनेक्शन का भार 22 एच. पी से घटाकर 11 एच.पी. मानते हुए बिल में आवश्यक संशोधन दिनांक 25.11.2025 को किया गया।

### सुधार के नाम पर हर बार भार बढ़ाते रहे जिम्मेदार

बिजली विभाग में किस तरह के मनमानी और लापरवाही चल रही है इसका खुलासा खुद ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह ने विधानसभा में किया। उन्होंने बताया कि किसान मांगीलाल सेन को नवीन कनेक्शन क्रमांक-2031007170, भार 10 एच.पी. दिनांक 17 अक्टूबर, 2014 को जारी किया गया था। इसके बाद उपभोक्ता के विद्युत कनेक्शन-क्रमांक 2031007170 में तत्कालीन अधिकारियों द्वारा माह फरवरी 2016 में 10 से 12 एच.पी. फिर माह जुलाई-2020 में 12 में 15 एच.पी. फिर माह नवम्बर-2020 में 15 से 18 एच.पी. ओर माह अक्टूबर, 2021 में 18 से 20 एच.पी एवं माह जनवरी, 2024 में 20 से 22 एच.पी. भारवृद्धि की गई एवं वृद्धि किये गये भार अनुमार बिल जारी किया गया। यानी उपभोक्ता जितनी बार बिजली कंपनी के दफ्तर में बिल सुधरवाने गया उतनी ही बार अधिकारियों ने बिल सुधारने के बजाए भार वृद्धि करते हुए बढ़ा हुआ अनुमानित बिल उसके पास भेज दिया। बिजली कंपनी की इस मनमानी से व्यथित होकर ही मांगीलाल ने आत्महत्या करने की धमकी वाला वीडियो वायरल किया था।

### नगर की खस्ताहाल सड़कों को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

# नाम का नगर है बड़ौदा, सड़कों की हालत गांव देहात से बदतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



नगर परिषद के जिम्मेदारों की अरुचि के चलते नगर की हालत सुधारने के बजाय लगातार बिगड़ती ही जा रही है। नगर परिषद बड़ौदा में नगर जैसा कुछ नहीं है सड़कों की हालत गांव देहात से भी बदतर हैं। यह बात युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष भूपेंद्र आर्य ने नगर परिषद बडौदा के सीएमओ के नाम नप उपयंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कही।

युवा कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में नगर बड़ौदा के वार्ड क्रमांक 14, की सड़क की जर्जर हालत को लेकर चिंता जताई गई है, सड़कें किस हालत में हैं इसके फोटो भी अफसरों को उपलब्ध कराए गए हैं। युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष ने उपयंत्री को बताया कि वार्ड नं 14 की सड़क बुरी तरह टूट फूट गई है। सड़क में बने बड़े बड़े गड्ढे जिनमें हमेशा पानी भरा रहता है जिससे आयदिन दुर्घटना हो रही हैं। सड़क पर पसरे कीचड़ से सबसे अधिक परेशान स्कूल आने जाने वाले बच्चे हो रहे हैं। गड्ढों में हमेशा पानी भरा रहने से पूरी बस्ती बीमारियों की चपेट में है। युवा कांग्रेस ने जनहित को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण जल्द करवाने मांग करते हुए मांगे नहीं माने जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौपने के दौरान विधायक प्रतिनिधि दिनेश सुमन समेत कई युवा कांग्रेसी और क्षेत्रीय लोग मौजूद थे।

# अखिल भारतीय सफाई मजदूर यूनियन ने सौंपा सीएमओ को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



नगरपालिका में कार्यरत सफाई कर्मियों से जुड़ी मांगों को लेकर अखिल भारतीय सफाई मजदूर का. ट्रेड यूनियन ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए मांगो के अविलंब निराकरण की मांग की है।

यूनियन के जिलाध्यक्ष विजय धुलिया द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि समस्त कर्मचारियो का वेतन शासन के नियमानुसार महिने के 05 तारिख को डाला जाये। रूके ई.पी.एफ और जी.पी.एफ कि राशि कई वर्षों से रूकी है जिसका भुगतान शीघ्र जमा किया जावें। कई सफाई कर्मचारियो को कलेक्टर रेट ना देते हुए 5 से 7 हजार का भुगतान किया जा रहा है जो कि अपराध के श्रेणी में आता है समान कार्य समान वेतन दिया जाये सभी को कलेक्टर दर से भुगतान किया जावें। सेवानिवृत कर्मचारियों को तीन वर्ष से भुगतान नही हुआ है तत्काल दिलाया जाए। वर्ष 2005 से 2016 तक के संविदा कर्मचारियो कि शासन द्वारा निर्देशानुसार विनीयमितीकरण किया जाये। जो स्थाई कर्मचारी एलआईसी कि किस्त ना पहुचने के कारण उनकी पॉलीसी बन्द हो चुकी है उनका भुगतान शीघ्र कर्मचारियो के खाते में किया जाये। ज्ञापन में मांगे नहीं माने जाने पर आंदोलन, हड़ताल की चेतावनी दी गई है।

# मन की दशा उत्तम हो तो भगवत प्राप्ति सहज संभव:गोवर्धनेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भगवत प्राप्ति में काल नहीं हमारी मनोदशा बाधक बनती है। मन की दशा उत्तम हो तो भगवत प्राप्ति सहज संभव है। उक्त विचार शुक्रवार को श्री रामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास वैष्णवाचार्य गोवर्धनेश महाराज ने भागवत कथा के मर्म को स्पष्ट करते हुए व्यक्त किए।

वैष्णवाचार्य गोवर्धनेश महाराज ने इसी क्रम में सूक्ष्म व स्थूल स्वरूप की विश्द व्याख्या करते हुए सृष्टि के सृजन की कथा का वर्णन किया। प्लावित जल में निमग्न अंड के विदीर्ण होने के बाद परम विराट के प्राकट्य व नाभि कमल से ब्रह्मा की उत्पत्ति की कथा का श्रवण कराते हुए कथा व्यास ने श्री राधा को शुकदेव की गुरु बताया तथा श्रीमद्भागवत कथा में इस नाम के स्पष्ट उल्लेख न होने को लेकर प्रचारित भ्रांति का तर्कपूर्ण निवारण भी किया। भागवत कथा के प्रत्येक शब्द में कृष्ण और भाव में राधा को समाहित बताते हुए शुक्रवार को व्यास पीठ से विराट स्वरूप का आध्यात्मिक भावबोध कराने के बाद वराह अवतार की कथा का प्रवाचन भी किया गया। कथा के गूढ़ प्रसंगों को सरस बनाने में कर्णप्रिय भजन व आख्यान तृतीय दिवस भी सहायक बने। नवनीत मेडिकल स्टोर के संचालक गर्ग परिवार (ओछापुरा वाले) के सौजन्य से आयोजित इस भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शनिवार को श्री नृसिंह और श्री वामन अवतार के उपरांत श्री राम व श्री कृष्ण प्रभु के प्राकट्य जैसे मोदपूर्ण प्रसंगों का सुंदर वर्णन मनोरम झांकियों के साथ नंदोत्सव के रूप में उत्सवी परिवेश में किया जाएगा।

# बिना अनुमति क्यों किया परिवर्तन? ऊर्जा अधिकारी को भेजी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर विकासखंड के ग्राम रामगांवडी निवासी एक किसान ने जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी को एक शिकायत भेजी है,जिसमें उसकी अनुमति के बिना इकाई में परिवर्तन करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की आवश्यकता जताई है। ग्राम रामगांवडी निवासी किसान पहलवान मीणा ने शिकायत में उल्लेख किया है कि सोलर पंप सिस्टम लगवाने के लिए मेरे द्वारा 9 अप्रैल 2025 को आवेदन किया था। जिसमें मेरे द्वारा जिस सिस्टम का चयन किया गया था,उसे मेरी अनुमति के बिना बदल दिया गया। जिसका मुझे पता केवाइसी कराने के दौरान चला। शिकायत में कहा गया है कि इस तरह मेरी अनुमति के बिना मेरे सिस्टम की इकाई में परिवर्तन क्यों किया गया है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा व्यवस्थाओं को लेकर आंगनबाडी केन्द्रों के सतत रूप से निरीक्षण किये जाने संबंधी निर्देशो के क्रम में प्रभारी सीडीपीओ कराहल सुषमा सोनी द्वारा टिकटोली, सिलोरी, पठारी, नसीहर, मोरावन, टपरिया, चक किशनपुर, सेसईपुरा ए,बी,सी मिनी आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

सुषमा सोनी ने बताया कि आंगनबाडी केन्द्रों पर टपरिया की कार्यकर्ता सुनीता यादव, सेसईपुरा ए की कार्यकर्ता गिरिजा यादव, सहायिका कोसा कुशवाह, सिलोरी की कार्यकर्ता गेंदावती, मोरावन ए की कार्यकर्ता रामश्री को नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार सिलोरी आंगनबाडी केन्द्र पर बच्चों को मैन्यू अनुसार भोजन नही देने पर भैरोबाबा स्वसहायता समूह तथा मोरावन में बच्चों की उपस्थिति अनुसार भोजन नही देने पर श्री गणेश आजीविका स्वसहायता समूह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# 5 वर्ष तक के बच्चों की मौत का सर्वाधिक कारण निमोनिया संक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



5 वर्ष तक बच्चों की होने वाली मौत के मामले में सर्वाधिक मृत्यु का कारण निमोनिया संक्रमण है, निमोनिया से होने वाली मृत्यु को कम करने के लिए समुदाय एव संस्था स्तर पर निमोनिया के लक्षणों की पहचान करना, प्रारंभिक उपचार एव स्वास्थ्य संस्था में रेफर करने के साथ साथ निमोनिया के संबंध में जन जागृति लाना जैसे प्रयास किए जा रहे है। यह बात जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ मुकेश मीणा ने सीएमएचओ कार्यालय के सभागार में निमोनिया संक्रमण को रोकने के लिए आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कही।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संजय मंगल ने कहा कि बच्चों में समुचित पोषण स्तर को बनाए रखने से बाल मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। उन्होने कहा कि सबसे पहले बच्चें के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें 6 माह तक केवल स्तनपान कराना सर्वाधिक लाभदायक है, इसके पश्चात उपयुक्त पूरक आहार, विटामिन ए आदि दिया जाना जरूरी है। उन्होने बताया कि निमोनिया फेफड़ों का संक्रमण है जो बैक्टीरिया या वायरस एव फंगस द्वारा होता है जिसमें बच्चे को सांस लेने में कठिनाई होती है, ज्यादा समय धुएं के नजदीक रहने से या मौसम में बदलाव या प्रतिरोधक क्षमता में कमी, कुपोषण और पोष्टिक आहार नहीं मिलने से निमोनिया की संभावना बढ़ जाती है। जन्म से दो महीने तक शिशु की सांस प्रति मिनट की गति 60 या 60 से ज्यादा है तो निमोनिया है, 2 माह से 1 वर्ष तक के शिशु प्रति मिनट सांस की गति 50 या 50 से ज्यादा होना, 1 से 5 वर्ष तक के शिशु की सांस प्रति मिनट 40 या 40 से ज्यादा होती है तो निमोनिया है तथा शिशु को खांसी और जुखाम का बढ़ना, तेजी से सांस लेना, सांस लेते समय पसली चलना या छाती का तेजी से धसना और तेज बुखार आना निमोनिया के लक्षण है जिसका सही समय पर सही पहचान कर, उपचार दिया जाना आवश्यक है।

### सभी विभागों के समन्वय से बनाएं विलेज डवलपमेंट प्लान:कलेक्टर

# श्योपुर जिले के 15 गांव बनेंगे प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम, होगा विकास, बढ़ेंगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले के 15 गांवों का चयन प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना केन्द्र प्रवर्तित योजना के तहत किया गया है। जिनमें श्योपुर विकाखंड के 11 गांव और विजयपुर विकासखंड के 4 गांवो को शामिल किया गया है। चयनित सभी 15 गांव में करीब 40 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति समुदाय की निवास करती है। जिले के सभी चयनित गांवों में विकास कार्य कराए जाएंगे और इन सभी गांवों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए शासन की ओर से मूलभूत सुविधाएं भी बढाई जाएगी। इसके लिए शासन की ओर से अलग से बजट से दिया जाएगा। ताकि इन गांवों में रहने वाले ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हो सके।

इस संबंध में शुक्रवार को एक बैठक कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजिक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में चयनित 15 ग्रामों के लिए सभी विभागों के समन्वय से विलेज डवलपमेंट प्लान तैयार किया जायें, इसके लिए विभिन्न विकास विभाग के अधिकारी ग्रामों में बैठकर लोगों से चर्चा कर उनकी आवश्यकता तथा योजना के नीति निर्देश अनुरूप ग्राम विकास की कार्य योजना तैयार करें। बैठक में सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता, उप संचालक कृषि मुनेश शाक्य, बिजली विभाग के प्रबंधक प्रतिक टुर्डेलकर, सीएमएचओ डॉ दिलीप सिंह सिकरवार सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त योजना के दिशा निर्देशानुसार चयनित ग्रामों में दो स्तर पर कार्य किये जाने है, प्रथम स्तर पर सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि संकेतको में सुधार तथा छूटे हुए पात्र शत प्रतिशत लोगों को प्रचलित योजनाओं में लाभ प्रदान किया जायें, द्वितीय स्तर पर ग्राम में मूलभूत अधोसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास किया जायें। इसके लिए 20 लाख रूपये की राशि प्रति ग्राम ऐसे कार्यो के लिए दी गई है, जिन्हें पूर्ण करने में अन्य योजनाओं में राशि सहज रूप से उपलब्ध न हों। उन्होंने कहा कि उक्त राशि का उपयोग ग्रामों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा उपयोगी जलस्त्रोतों को विकसित करने में किया जा सकता है। आंगनबाडी एवं प्राथमिक विद्यालयों में शौचालय तथा ग्रामों में स्वच्छता बनाये रखने के लिए ठोस एवं अपशिष्ट के निपटान हेतु नाडेप, सोखता गढ्ढे, स्टेबलाईजेशन पॉन्ड आदि के निर्माण में सहायता प्राप्त की जा सकती है। ग्रामों में स्ट्रीट लाइट जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जा सकती है।




### समन्वय के साथ योजना बनाएं विभागीय अफसर

कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि चयनित ग्रामों में कराये जाने वाले ऐसे उपयोगी और जरूरी कार्य जो योजना के तहत अनुमत है, उन्हें कार्य योजना में शामिल किया जायें। सभी विभागों के अधिकारी समन्वय के साथ योजना बनाये तथा अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का शत प्रतिशत कव्हरेज सुनिश्चित करें।

### इन गांवों का किया गया चयन

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना केन्द्र प्रवर्तित योजना है, ऐसे ग्राम जिनकी जन संख्या न्यूनतम 500 है तथा इनमें से 40 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जाति समुदाय की है, उन ग्रामों में से ग्रामों का चयन किया जाता है। वर्तमान में वर्ष 2025-26 में श्योपुर जिलें में उक्त योजना के तहत 15 गांव सम्मिलित किये गये है, जिनमें श्योपुर विकासखण्ड के 11 तथा विजयपुर विकासखण्ड के 04 गांव शामिल है। श्योपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम चकबमूलिया, करन्याखेडली, बमूली गौसाई, रामगांवडी, माधोपुरा, तलावदा, लाथ, फतेहपुर (अडवाड), ढोढपुर, प्रेमपुरा एवं मूंडला तथा विजयपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम अन्धुपुरा, बरढुला, फरारा एवं हारकुई को इस योजना के तहत चयनित किया गया है।

# आज से श्योपुर में शुरू होगी राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता

**प्रदेश के 10 जिलों की खो खो की बालक और बालिकाएं टीम करेगी भागीदारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के पाली रोड स्थित शासकीय पीजी कॉलेज के खेल मैदान पर 6 दिसंबर से राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन शुरू होने जा रहा है। यह पहला अवसर है,जब श्योपुर जिला मुख्यालय पर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आयोजित होने जा रही है। जिसमें श्योपुर जिले समेत प्रदेशभर के 10 जिलो की खो-खो की बालक और बालिकाएं टीमे भागीदारी करेगी। जिला खो-खो संघ श्योपुर तथा मध्यभारत खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष बिहारी सिंह सोलंकी तथा सचिव पंकज शर्मा ने बताया कि कॉलेज के खेल मैदान में होने वाली यह राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता 6 और 7 दिसंबर को दो दिन आयोजित होगी। इस 44 वीं जूनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में श्योपुर जिले सहित इंदौर, उज्जैन, देवास, धान, राजगढ, रतलाम, खरगोन, गुना और ग्वालियर जिले की बालक और बालिका वर्ग की खो-खो टीमे शामिल होगी।

# श्योपुर जिले में एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के नेतृत्व में जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। श्योपुर एवं विजयपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी 655 मतदान केन्द्रों के मतदाताओं के गणना फॉर्म डिजिटाइज कर दिए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन ने बताया कि, जिले के कुल 5 लाख 16 हजार 986 मतदाताओं के गणना पत्रक भरकर डिजिटाईज कर दिये गए है। श्योपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 329 मतदान केन्द्रों के सभी 2 लाख 60 हजार 282 तथा विजयपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 326 मतदान केन्द्रों के सभी 2 लाख 56 हजार 704 मतदाताओं के गणना फार्म बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटाईज कर आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन कर दिये गये है। आयोग के निर्देशानुसार 16 दिसंबर 2025 को सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जायेगा। इसके उपरांत 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। 14 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

## खबर संक्षेप



### दिव्यांग शिविर में चिन्हित वृद्ध जनों को मिलेंगे उपकरण,महाविद्यालय में शिविर संपन्न

**करैरा।** भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजना अंतर्गत सहायक उपकरण प्रदाय हेतु चिन्हांकन शिविर जनपद पंचायत करैरा अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय करेरा में एलिम्को एवं सामाजिक न्याय विभाग के सौजन्य से दिव्यांग शिविर आयोजित किया, जिसमें एडिप योजना अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 146 एवं वृद्धों हेतु वयोश्री योजना अंतर्गत 467 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया।इसमें चिह्नांकित वृद्ध एवं दिव्यांग व्यक्तियों को कान की मशीन,छड़ी,व्हीलचेयर,ट्राई साइकिल,बैटरी चलित ट्राई साइकिल, नी केप,कमर का बेल्ट पात्रता अनुसार प्रदाय किये जांयेंगे। शिविर में सीईओ हेमंत सूत्रकार, एपीओ अखिल उपाध्याय,पंचायत निरीक्षक संजीव दुबे,संदीप शर्मा कार्यक्रम अधिकारी,दिलीप कुशवाह सहित जनपद पंचायत के अन्य कर्मचारियों के सहयोग से संपन्न हुआ।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जागेश्वरी मोहल्ला चन्देरी निवासी रामसिंह चैधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रविन्द्र, संजू, राजेश, कुन्दन कुशवाह निवासी खानपुर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी और उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया।जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी डॉ. संदीप जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रमेश लोधी ग्राम खिरिया निवासी ने उसके क्लीनिक के अंदर आकर बिना बात के गाली गलौच की और फरियादी के ऊपर कचरा डाला।

### जिला परिवहन अधिकारी ने की वाहनों की चैकिंग

**अशोकनगर।** जिला परिवहन अधिकारी रंजना कुशवाह द्वारा जिले के तहसील चंदेरी में ललितपुर रोड़ पर पर समस्त वाहनों की चैकिंग की गई। जिसमें यात्री वाहन/माल वाहन तथा अन्य छोटे वाहनों से नियम विरूद्ध संचालन करने पर चालानी कार्यवाही की जाकर समझौता शुल्क के रूप में कुल 08 वाहनों से 15500/रूपये की राशि बसूल की गई। एक मालयान जप्त कर थाना चंदेरी में रखा गया है। 01 अप्रैल से 04 दिसम्बर 2025 तक कुल 338000 रूपये का राजस्व बसूला गया। इस कार्यालय द्वारा प्रत्येक सप्ताह स्कूल बसों व यात्री बसों की तथा अन्य वाहनों की चैकिंग की जा रही है। चैकिंग के दौरान जो वाहन अनफिट या क्षमता से अधिक यात्री पाये जाते है अनके विरूद्व नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाती है, आगे भी चैकिंग जारी रहेगी।

### जैन समाजजन की धार्मिक आयोजन को लेकर अयोध्या नगरी में तैयारियां जारी

# मुनिश्री के सानिध्य में शहर में दूसरी बार पंच कल्याणक व गजरथ महोत्सव का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



अशोकनगर शहर फिर दूसरी बार पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ गजरथ महोत्सव के लिए जाना जाएगा। शहर में अयोध्या नगरी में तैयारियां जारी हैं। शहर अभी से धार्मिक उत्सव के रंग में रंगा हो रहा है। ज्ञात हो कि वर्ष 1992 में जब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन हुआ था तब भी मुनिश्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में शहर को यह आयोजन देखने को मिला था। उस समय का आयोजन इतना बड़ा था कि पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजन देखने नहीं मिलते थे। जिसमें भीड़ इतनी थी कि कल्पना कर पाना मुश्किल था। अब 33 साल बाद 2025 के जाते जाते अशोकनगर शहर में दूसरे पंच कल्याणक महोत्सव का आयोजन 9 दिसंबर से होने जा रहा है। यह आयोजन भी मुनिश्री सुधासागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में आयोजित होगा। मुनिश्री सुधासागर जी महाराज अब निर्यापकाचार्य और राष्ट्र संत के रूप में 15 पिच्छी धारी संतो के साथ इस आयोजन को सम्पन्न कराने जा रहे हैं। इस आयोजन में अशोकनगर शहर के सुभाषगंज जैन मंदिर, पुराना गांव जैन मंदिर और त्रिकाल चैबीसी जैन मंदिर आदि में जिन प्रतिमाएं विराजमान होगीं।

पंच कल्याणक अयोध्या नगरी में होते हैं इस नगरी को भी अयोध्या जी बनाये- निर्यापका चार्य श्री सुधा सागर जी महाराज निर्यापकाचार्य श्री सुधासागर जी महाराज ने अशोकनगर में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पूर्व आयोजित धर्मसभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि रामराज लाने के लिए मजबूत बनना पड़ेगा, श्रीराम की तरह सोचना भी दुर्लभ है। ऐसा पहले अपने मन को बनाओ कि अंदर से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम चन्द्र जी जैसे विचार हर हदृय में आ जाएं लेकिन आना इतना आसान नहीं होता। पहले तो भावना वैसी बनाना ही दुर्लभ है तब कहीं अयोध्या नगरी की कल्पना करो। उन्होंने कहा कि भगवान के आने से छः महीने पहले ही देवता अयोध्या नगरी को धन-धान्य से परिपूर्ण कर देते हैं। जहा कोई दुःखी दरिद्र नहीं बचता। ऐसी पावन भूमि बनाने के लिए हमें इसी भूमि में शक्ति को जाग्रत करना है। हर दिल कोमल और निर्मल हो जाएं। अयोध्या की रचना धनपति कुबेर करें इसके पहले हम सब मिलकर कुछ तैयारियां करें तो कोई बात है। देवता तो हमेशा ही अयोध्या नगरी को पवित्र और पावन बनाते हैं आपको अपने नगर में भी ऐसा करना है। शहर में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 9 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक स्थानीय पुरानी गल्ला मण्डी में आयोजित हो रहे हैं। जहां अयोध्या नगरी को तैयार किया जा रहा है भगवान के जन्म से लेकर मोक्ष तक की सारी क्रियाएं इस महोत्सव में की जाएंगी।

### 09 को गर्भ कल्याणक की पूर्व क्रियाएं

पंच कल्याणक एवं गजरथ महोत्सव के पहले दिन गर्भ कल्याणक के पूर्व की क्रियाएं की जाएंगी, जिसमें ध्वजारोहण और घट यात्रा का आयोजन होगा। सुबह 7 बजे श्रीजी की शोभा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुरानी गल्ला मण्डी में बनाई गई अयोध्या नगरी पहुंचेगी। इस मौके पर सुबह 8:30 बजे ध्वजारोहण और मण्डप उदघाटन के साथ मुनि श्री के मंगल प्रवचन, मण्डप शुद्धि, मण्डप प्रतिष्ठा और श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन होगा। दोपहर 12 बजे मंगल कलश स्थापना, शांति कलश स्थापना, अखण्ड दीप स्थापना और पूजन विधान के आयोजन होगें। प्रतिदिन होने वाले आयोजनों में शाम 5:30 बजे आचार्य भक्ति और जिज्ञासा समाधान का आयोजन होगा, 6:30 बजे महाआरती और शास्त्र प्रवचन का आयोजन होगा।

### 10 को होगीं गर्भ कल्याणक उत्तररूप की क्रियाएं

10 दिसम्बर को गर्भ कल्याणक के उत्तर रूप की क्रियाएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें सुबह 6:30 बजे अभिषेक, पूजन के आयोजन होगें, 8:30 बजे मुनिश्री की देशना होगी, दोपहर 12:30 बजे माता की गोद भराई का आयोजन होगा, दोपहर 1 बजे नाटयमंचन का आयोजन किया जाएगा। इसी मौके पर नवीन मंदिर वेदी शुद्धि, शिखर शुद्धि, शिखर प्रतिष्ठा आदि के आयोजन होगें। रात 8:30 बजे महाराजा नाभिराय का दरवार सजाया जाएगा, जहां महाराजा का आगमन प्रधानमंत्री सेनापति से राज्य की चर्चा, माता के 16 स्वपन और गीत नृत्य 56 कुमारियों द्वारा किया जाएगा।

### 11 को जन्म कल्याणक का आयोजन होगा

सुबह शांतिधारा अभिषेक के बाद सुबह 8 बजे तीर्थंकर बालक का जन्म, अयोध्या नगरी में बंधाईयां, भक्ति नृत्य, सुबह 8:30 बजे सोधर्म इन्द्र द्वारा ऐरावत पर आरूढ होकर अयोध्या नगरी की 3 परिक्रमा, अयोध्या में प्रवेश, तीर्थंकर बालक को लेकर हाथी पर सवार होकर प्रस्थान, प्रातः सुबह 9 बजे मुनिश्री की मंगल देशना और चल समारोह का आयोजन, दोपहर 12 बजे पाण्डुक शिला पर 1008 कलशों से तीर्थंकर बालक का अभिषेक, दोपहर 2 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर 3 बजे प्रवचन के आयोजन होगें। रात्रि 8 बजे सोधर्म इन्द्र द्वारा ताण्डव नृत्य, तीर्थंकर बालक का पालना झुलाना, बाल क्रीड़ा का मनोहारी दृश्य दिखाया जाएगा।

### 12 को तप कल्याणक संसार दर्शन का आयोजन

प्रतिदिन सुबह भगवान का अभिषेक और शांतिधारा के बाद भगवान के तप कल्याणक संसार दर्शन की क्रियाएं दिखाई जाएंगीं, जिसमें सुबह 8:30 बजे मुनिश्री की मंगल देशना, दोपहर 1 बजे भव्य पिच्छीका परिवर्तन समारोह का आयोजन होगा। रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती प्रदान की जाएगी।

### 13 को तप कल्याणक वैराग्य दर्शन का आयोजन

सुबह भगवान की शांतिधारा और अभिषेक के बाद सुबह 8:30 बजे मुनिश्री की मंगल देशना, दोपहर 11:30 बजे मगंलाष्टक, शांतिमंत्र, आदिकुमार का विवाह, राज्याभिषेक, राज्य संचालन, ब्रम्हामी सुंदरी को शिक्षा,नीलांजना नृत्य, युवराज आदिकुमार का वैराग्य, भरत बाहुबली को राज्य सौंपना, सुर्दशन नामक पालकी में आरूढ होकर दीक्षा वन की ओर प्रस्थान।

### 14 को ज्ञान कल्याण का आयोजन किया जाएगा

प्रातः भगवान की शांतिधारा और अभिषेक के बाद, सुबह 8:30 बजे मुनिश्री की मंगल देशना, प्रातः 9 बजे महामुनिराज की आहारचर्या, 11:15 बजे रक्षा मंत्र, शांति मंत्र, ज्ञान कल्याणंक की आंत्रिक क्रियाएं प्रारंभ, प्राणप्रतिष्ठा आदि के आयोजन, तत्वचर्चा, ज्ञान कल्याण पूजन आदि के आयोजन होगें। प्रातः भगवान की शांति धारा और अभिषेक के बाद सुबह 8 बजे आदिनाथ भगवान को कैलाश पर्वत से निर्वाण की प्राप्ति, देवों का आगमन, मुनिश्री की मंगल देशना, तत्पश्चात मोक्ष कल्याण पूजन एवं विश्व शांति महायज्ञ, जिन्नबिम्ब स्थापना, ध्वजारोहण, कलशारोहण के बाद दोपहर 12:30 बजे गजरथ महोत्सव का आयोजन, सात फेरी के बाद मुनिश्री के मंगल प्रवचन होगें।

### मनुष्य इतना स्वार्थी है कि पेड़ देते देते मिट जाता है किन्तु मानव का स्वार्थ खत्म नहीं होता

उन्होंने कहा कि मनुष्य इतना स्वार्थी हैं कि पेड़ देते देते मिट जाता है इस मानव का स्वार्थ खत्म नहीं होता। हमारे संघ में महाराज क्षमासागर जी एक पेड़ की कहानी सुनाया करते थे उनके आंसू निकल आते थे। एक पेड़ के पास छोटे छोटे बच्चे खेला करते कभी पत्ते तोड़ते कभी कुछ करते तो बच्चों से पेड़ खुश हो जाया करता था। फिर बच्चो ने आना बंद कर दिया पेड़ दुःखी हो गया बच्चो से पूछा आते क्यों नहीं हो तब बच्चो ने कहा अब तुम सूख गये हो हमें क्या दोगे तो पेड़ बोला मेरी लकड़ी से किवाड़ फर्नीचर जो चाहे बनाने ले जाओ। स्वार्थी मानव का स्वार्थ कभी पूरा नहीं हुआ। आज कल जनरल प्रश्न हो गया आज बिना स्वार्थ के कोई कुछ करना नहीं चाहता। हम से पूछते बच्चे इससे क्या मिलेगा कभी कभी दूसरे के काम आना निश्वार्थ प्रेम करके देखो जीवन का आनंद समझ में आ जायेगा।

### प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया दे रहे हैं तैयारियों को अंतिम रूप

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का संपूर्ण आयोजन प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया के द्वारा सम्पन्न कराया जा रहा है उनके सहयोगी के रूप में ब्रम्हचारी मुकेश भैया रहेगें, सहयोगी पंडित सुरेशचन्द शास्त्री दमोह, और पंडित जिनेन्द्र शास्त्री कोटा रहेगें। संगीतकार नीलेश जैन पार्टी बुढार, मंच सज्जा विजयकुमार विश्व कटनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम संतेन्द्र शर्मा एण्ड पार्टी दिल्ली के द्वारा प्रदान की जाएगी। यह सम्पूर्ण आयोजन दिंगम्बर जैन पंचायत अशोकनगर द्वारा किया जा रहा है। पंचायत के पदाधिकारी और समाज जन इस कार्य को सम्पन्न कराने के लिए जी जान से लगे हैं।

### नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**अशोकनगर।** विषेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) जिला अशोकनगर द्वारा जारी आदेश में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी- सुनील पिता सुखलाल प्रजापति निवासी ग्राम ज्ञानपुर गुरैया थाना नईसराय जिला अशोकनगर को 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 7000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। प्रकरण में शासन की ओर से जिला अभियोजन अधिकारी,सहायक निदेशक अभियोजन जिला अशोकनगर संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रभावी अभियोजन संचालन एडीपीओ,विशेष लोक अभियोजक नरेन्द्र कुमार गोंडिया द्वारा किया गया। एडीपीओ/मीडिया सेल प्रभारी यशपाल सिह यादव ने बताया कि 2 जून 2024 को अभियोक्त्री के पिता ने थाना नईसराय में अपनी नाबालिग पुत्री अभियोक्त्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला- फुसलाकर ले जाने बावत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर से अप.क्र. 104/24 अंतर्गत धारा 363 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अनुसंधान के दौरान साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये, घटना स्थल का नक्शा मौका बनाया गया। अभियोक्त्री को 6 जून 2024 को दस्तयाब कर उसके कथन लेखबद्ध किये गये एवं न्यायालय में उसके कथन लेखबद्ध कराये गये। उक्त कथनों में अभियोक्त्री ने बताया कि वह 1 जून 2024 को सुबह करीब 08रू00 बजे सुनील प्रजापति के साथ गुना चली गई थी। गुना से वह दोनों बस से इन्दौर गये थे और वे दोनों तीन दिन तक रेलवे स्टेशन पर रूके थे इसी दौरान रेलवे स्टेशन के बाहर आउटर पर सुनील ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये थे। इसके बाद वे दोनों वापस आ रहे थे तभी मेहमूदा बस स्टेण्ड पर पुलिस आ गई थी और उन्हे पुलिस ने पकड लिया था। पीडिता के कथन उपरांत प्रकरण में आवश्यक सुसंगत धाराओं का इजाफा किया गया तथा संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत आरोपी को प्रकरण में दोषी पाते हुये उसके विरूद्ध दोषसिद्धि का निर्णय पारित करते हुए यह सजा सुनाई गई है।

### कुएं में डूबने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम छापर निवासी संजीव उर्फ कल्ला पुत्र रामसिंह रघुवंशी उम्र 33 साल की खेत में बने कुए के पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### कृत्रिम अंग प्रदान करने हेतु परीक्षण शिविरों का आयोजन

**अशोकनगर।** भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजनान्तर्गत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिमअंग प्रदान करने हेतु परीक्षण शिविरों का आयोजन किया गया है। जनपद पंचायत ईसागढ़ 08 दिसम्बर को जनपद पंचायत प्रांगण ईसागढ़ में,जनपद पंचायत-अशोकनगर में 09 दिसम्बर को जनपद पंचायत प्रांगण अशोकनगर में,जनपद पंचायत-चन्देरी 10 दिसम्बर को जनपद पंचायत प्रांगण-चन्देरी में,जनपद पंचायत मुंगावली में 11दिसम्बर को जनपद पंचायत प्रांगण मुंगावली में ,नगर परिषद पिपरई में 12 दिसम्बर को पुरानी तहसील प्रांगण पिपरई तथा जनपद पंचायत अशोकनगर 13 दिसम्बर को ग्राम पंचायत प्रांगण राजपुर में आयोजित किया गया है। शिविरों में एलिम्कों जबलपुर के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा शिविर में उपस्थित समस्त दिव्यांगजन/वरिष्ठजनों का सहायक उपकरणे हेतु चिन्हांकन किया जायेगा तथा पात्र दिव्यांगजन/वरिष्ठजनों को कृत्रिम अंग यथा-(हाथ पैर) तथा उपकरण (कैलीपर्स, सर्जिकल शू, ट्रायसाइकिल, बैशाखी, श्रवण यंत्र, कील चेयर, ब्लाइंड स्टिक आदि) प्रदाय किये जाने हेतु चिन्हांकित किया जाएगा।



# सीएम हेल्पलाईन की ग्रेडिंग पर विशेष ध्यान दें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सीएम हेल्पलाईन की ग्रेडिंग में विशेष ध्यान देकर सुधार किया जाए। साथ ही शिकायतों का अधिक से अधिक निराकरण हो यह सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सीएम हेल्पलाईन, एसआईआर,खाद वितरण,दिव्यांग परीक्षण शिविरों के आयोजन की समीक्षा करते हुए समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन के तहत राजस्व, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास,श्रम,पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि तथा किसान कल्याण, नगरीय विकास एवं आवास,लोक शिक्षण, विद्युत, पशुपालन तथा सहकारिता विभाग की विस्तार से समीक्षा कर निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने आगामी समाधान ऑनलाईन से संबंधित विषयों के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश देते हुए विषयों से संबंधित समस्याओं के निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य हेतु विधानसभाबार मेपिंग की समीक्षा करते हुए एसडीएम एवं तहसीलदार को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सामाजिक न्याय विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजनान्तर्गत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम प्रदान करने हेतु परीक्षण शिविरों का आयोजन जिले में 08 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2025 तक किया जा रहा है। इन शिविरों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। बैठक में खाद वितरण व्यवस्था के संबंध में सर्वसंबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने मंडियों में कृषकों द्वारा मक्का सहित अन्य फसलों के विक्रय हेतु सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ हो यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में समस्त एसडीएम, तहसीलदार,सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ गूगल मीट से जुडे तथा संबंधित विभागों के जिला अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

### महकमे ने घटना से जुड़े स्थानों का निरीक्षण किया

# व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना के बाद आइजी अशोकनगर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर अशोकनगर गुना सड़क मार्ग पर शाढ़ौरा के गल्ला व्यापारी नीरज साहू के साथ हुई सनसनीखेज 20 लाख रूपए की लूट की घटना के बाद ग्वालियर रेंज के पुलिस महा निरीक्षक अरबिंद सक्सेना अशोकनगर पहुंचे और घटना से जुड़े स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जिसके अहम सुराग भी पुलिस को मिले हैं।

इस दौरान आईजी अरबिंद सक्सेना के साथ एसपी राजीव कुमार मिश्रा, एसडीओपी विवेक शर्मा ने आईसीआईसीआई बैंक पहुंचकर बैंक अधिकारियों से चर्चा की और सीसीटीव्ही फुटेज के साथ घटना से जुड़े सभी तकनीकी पहलुओं पर जांच किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए 6 टीमों का गठन किया है। जिसमें 2 टीम तकनीकी जांच कर रही हैं।



शाढौरा में हुई लूट के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एसडीओपी अशोकनगर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई है।

शाढ़ौरा के व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा उक्त प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए प्रकरण के अज्ञात आरोपियों की पतारशी एवं शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम का गठन किया गया है। गठित विशेष टीम का नेतृत्व एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा करेंगे। टीम में थाना प्रभारी शाढौरा, थाना प्रभारी कोतवाली अशोकनगर, थाना प्रभारी महिला थाना, थाना प्रभारी कचनार, थाना प्रभारी देहात, थाना प्रभारी नईसराय सहित सायबर सेल एवं सीसीटीव्ही शाखा के अनुभवी अधिकारी शामिल किए गए हैं, जो अपराध की विस्तृत विवेचना एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा टीम को लूट के अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी एवं लूटे गए मशरूका की बरामदगी के लिए निरंतर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। गल्ला व्यापारी के साथ हुई 20 लाख रूपए की लूट की घटना को लेकर पुलिस जिस तरह से आरोपियों की घेराबंदी करने में लगी है। उससे लग रहा है कि पुलिस आरोपियों के पास पहुंचने की कगार पर है।

**इनका कहना है**

शाढ़ौरा के व्यापारी के साथ जो लूट की घटना हुई है उसे लेकर घटना से जुड़े सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है 6 टीमें बनाई गई हैं। जो भी आरोपी हैं वह जल्द ही पकड़े जाएगें।

**अरबिंद सक्सेना** पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर रेंज

### जल-भराव की समस्या का हुआ समाधान

# शंकर कॉलोनी को मिल गई वर्षों पुरानी समस्या से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर की शंकर कॉलोनी के निवासियों को जल-भराव की अपनी वर्षों पुरानी समस्या से निजात मिल गई है। कॉलोनी के निर्माण के बाद से ही यहां के प्लॉटों में पानी भरा रहता था, जिससे न केवल गंदगी और मच्छर पनपते थे, बल्कि क्षेत्र में बीमारियों के जन्म का भी कारण बनता था। पानी की निकासी के लिए कोई स्थायी व्यवस्था न होने के कारण यह समस्या लगातार विकराल रूप लेती जा रही थी। नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने इस कॉलोनी में निर्माण कार्य की शुरूआत की है।

जब से कॉलोनी का निर्माण हुआ है, तब से ही यहां पानी भरा रहता था। आज नाले का निर्माण होते देख वार्ड वासियों ने राहत की सांस ली है। नाला निर्माण कार्य शुरू, अध्यक्ष ने पार्षद प्रतिनिधि के साथ किया निरीक्षण नगर पालिका परिषद के गठन के बाद से ही, परिषद ने इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए इसके स्थायी समाधान का बीड़ा उठाया था। परिषद के प्रयासों के फलस्वरूप, आज कॉलोनी में नाला निर्माण का कार्य शुरू किया गया है। इसके उपरांत सी.सी सड़क का भी निर्माण किया जायगा। इस नाले के निर्माण से रुके हुए पानी की उचित निकासी हो पाएगी, जिससे जल-



भराव की समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी। आज, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने पार्षद प्रतिनिधि संजीव जाटव के साथ निर्माण स्थल पर पहुँचकर मौका-निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और इसे पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने की सख्त हिदायत दी।

### वार्ड वासियों ने जताया आभार

इस बहुप्रतीक्षित नाला निर्माण कार्य को देखकर वार्ड वासियों में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के लोगों ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए नगर पालिका परिषद और अध्यक्ष नीरज मानोरिया का धन्यवाद ज्ञापित किया है। निवासियों का मानना है कि यह कार्य उनके स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाएगा।